# फर्द अहकाम

(नियम 26)

## अज अदालत-उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला शाहपुरा

सीता देवी पत्नी रामरतन रेगर निवासी बावड़ी

बनाम

पीरू मोहम्मद पिता भूरे खां मंसूरी निवासी बावड़ी वगैरह

किस्म मुकदमा प्रा. पत्र 111,128 एल.आर.ए. मुकदमा नंबर 155/2024

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज | नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये |
|---|---|---|
| 09-04-24 | प्रार्थना पत्र सिगे से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि में में ग्राम बावड़ी प.ह. बावड़ी आराजी सं. 831/1 कुल किता 01 रकबा 0.8903 हेक्टेयर भूमि स्थित है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पड़ौसी है। अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढ़ी करवाये जाने की आवश्यकता है, अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान किये जावें। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है।<br>मैंने पत्रावली का अवलोकन किया सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी। पत्रावली के साथ संलग्न नकल जमाबंदी संवत 2075 से 2078 तक के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी पत्थरगढ़ी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया है, अतः न्यायालय पत्थरगढ़ी किया जाना उचित समझता है ग्राम बावड़ी प.ह. बावड़ी आराजी सं. 831/1 कुल किता 01 रकबा 0.8903 हेक्टेयर भूमि की उभयपक्षों की उपस्थिती में पत्थरगढ़ी करने हेतु भू- अभिलेख निरीक्षक बावड़ी को कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर फीस 500 रूपये तय किए जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे। **पत्थरगढ़ी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया** जावें। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावें। **तहसीलदार जहाजपुर को प्रतिवादीगणो को जरिये नोटिस / समन भेजकर उभयपक्ष की उपस्थिति में पत्थरगढ़ी के आदेश दिये जाते है।** पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें।<br>आदेश आज दिनांक 09/04/2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>उपखण्ड अधिकारी<br>जहाजपुर (शाहपुरा) | |

Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार

# कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला शाहपुरा

क्रमांक/रीडर/2024/155/2024

दिनांक- 09/04/2024

निमित्त-

तहसीलदार जहाजपुर

विषयः– प्र.सं. 155 / 2024 अनवान सीता देवी पत्नी रामरतन रेगर निवासी बावड़ी बनाम पीरू मोहम्मद पिता भूरे खां मंसूरी निवासी बावड़ी, आशाराम पिता रामप्रसाद बेरागी निवासी बावड़ी, द्वारका प्रसाद पिता रामकिशन बेरागी निवासी बावड़ी, धन्ना पुत्र शंकर दास बेरागी, बजरंग पुत्र छोटू दास बेरागी निवासी बावड़ी, मस्तराम पिता रामप्रसाद बेरागी निवासी बावड़ी, हरी पुत्र गोकल बेरागी निवासी बावड़ी, बाली पत्नि महावीर दास बेरागी निवासी बावड़ी, कानसिंह पुत्र बालसिंह राजपुत निवासी बावड़ी, जयसिंह पिता गिरधर सिंह राजपूत निवासी बावड़ी, दशरथ सिंह पिता प्रताप सिंह राजपूत निवासी बावड़ी, नाथूलाल पिता नारायण रेबारी निवासी गोपालपुरा, लादू सिंह पिता बाल सिंह राजपूत निवासी बावड़ी, लादू दास पिता राम प्रसाद दास बैरागी निवासी बावड़ी, छोटू पिता भूरालाल दरोगा निवासी बावड़ी, रतनलाल पिता रामचंद्र दरोगा निवासी बावड़ी, रामस्वरूप पुत्र भूरालाल दरोगा निवासी बावड़ी, भंवर सिंह पिता गिरधर सिंह राजपूत निवासी बावड़ी, तहसीलदार जहाजपुर की पत्थरगढ़ी की पालना करने बाबत।

---

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में ग्राम बावड़ी प.ह. बावड़ी आराजी सं. 831/1 कुल किता 01 रकबा 0.8903 हेक्टेयर भूमि की उभयपक्षों की उपस्थिती में पत्थरगढ़ी करने हेतु भू- अभिलेख निरीक्षक बावड़ी को नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर फीस 500 रूपये तय किए जाते हैं जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रूपये राजकोष में जमा करावे । **पत्थरगढ़ी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। तहसीलदार जहाजपुर को प्रतिवादीगणो को जरिये नोटिस / समन भेजकर उभयपक्ष की उपस्थिति में पत्थरगढ़ी के आदेश दिये जाते है।** पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी
जहाजपुर जिला शाहपुरा

Scanned with CamScanner